तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026



11 13320 बच्चों को विटामिन ए व 14212 बच्चों को आयरन...




12 जिले का ओड़-आमामोरा बना मिनी कश्मीर, ओलावृष्टि से ...






बेचना है।

मारूति सुजुकी आल्टो मॉडल- 2016 शानदार कंडीशन में।

फिक्स रेट 2 लाख 10 हजार

संपर्क करें-

Mo. 7987124123


हादसा : सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर कार्रवाई और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

# अस्पताल में भर्ती भाई की सेवा कर घर लौट रहे युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर के एक निजी अस्पताल के सामने सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को इस कदर कुचला कि देखने वालों की रूह कांप गई। मृतक की पहचान ग्राम बुड़ेनी निवासी प्रवीण देवांगन (26 वर्ष) के रूप में हुई है। दिल दहला देने वाली इस घटना के पीछे की कहानी बेहद दुखद है। बताया जा रहा है कि प्रवीण का बड़ा भाई शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। प्रवीण उसकी देखभाल के लिए अस्पताल में अटेंडर के तौर पर रुका हुआ था। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे वह किसी काम से घर जाने के लिए अस्पताल से निकला ही था कि सड़क पार करते समय मौत ने उसे अपनी आगोश में ले लिया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार इस युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जुट ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अवैध पार्किंग और संकरी सड़क

टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर गया और ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे दोपहिया और चारपहिया वाहन अक्सर खड़े रहते हैं। वहीं सड़क के दूसरी ओर भी ट्रक और अन्य भारी वाहन खड़े रहते हैं, जिससे नेशनल हाईवे का रास्ता काफी संकरा हो जाता है।



### बेटे की मौत से परिवार में मातम

घटनास्थल पर भी एक ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी, जिसके कारण ट्रक चालक वाहन को किनारे दबाकर ले जा रहा था और इसी दौरान बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना पर नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिसकर्मियों ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। जवान बेटे की मौत से परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ट्रक को जब्त कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# महुआ बीनने गए ग्रामीण पर भालू का हमला, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के जंगल में मंगलवार सुबह एक खतरनाक घटना सामने आई है, जहां महुआ संग्रहण के लिए जंगल गए एक ग्रामीण पर जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार परसुली क्षेत्र अंतर्गत कोचईमुड़ा गांव निवासी 45 वर्षीय पुराणिक (पिता सूघो राम यादव) मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अपनी पत्नी के साथ घर के समीप स्थित जंगल में महुआ बीनने गया था। इस दौरान उसकी पत्नी कुछ दूरी पर महुआ एकत्र कर रही थी, जबकि पुराणिक पास ही पेड़ों के नीचे गिरे महुआ इकट्ठा कर रहा था।इसी बीच अचानक झाड़ियों से निकलकर एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू ने बेहद आक्रामक तरीके से पुराणिक के सिर, चेहरे, हाथ और कंधे को अपने पंजों और दांतों से बुरी तरह नोच डाला। हमले के दौरान पुराणिक की दर्दनाक चीखें सुनकर उसकी पत्नी घबराकर मौके पर पहुंची और शोर मचाने लगी। शोरगुल सुनकर भालू जंगल की ओर भाग गया, जिससे पुराणिक की जान बच सकी। घटना के बाद घायल अवस्था में पड़े पुराणिक को ग्रामीणों ने तत्काल मदद पहुंचाई। परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर उसे निजी वाहन के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालांकि उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे ▶▶|शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप

### 7 साल की आफिया फातिमा ने रखा रोजा



मैनपुर। रमजान के महिना मे मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा रोजा रखकर अल्लाह की इबादत किया जा रहा है छोटे-छोटे बच्चों में भी रोजा रखने खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मैनपुर नगर के मात्र 07 वर्षीय आफिया फातिमा ने आज पहला रोजा रखा शाम को इफतार के समय परिवार वालों ने उनका फूल माला के साथ इस्तेकबाल किया। आफिया फातिमा मैनपुर नगर के ट्रेक्टर शोरूम के मालिक असलम मेमन की बेटी है।

# कांग्रेस का रायपुर में मनरेगा बचाव संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश कांग्रेस द्वारा मनरेंगा बचाव संग्राम के तहत भाजपा सरकार में मनरेंगा संशोधन, अफीम के काले कारोबार, एलपीजी गैस संकट, धान खरीदी मे भ्रष्टा, बेरोजगारी, बिजली के बढ़ते दर, बढ़ते अपराध एवं अन्य मुद्दो को लेकर आज राजधानी रायपुर मे ▶▶|शेष पेज 11 पर



# 109 लीटर अवैध शराब जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवभोग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 109 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त की है। दो दिनों तक चली अलग-अलग रेड कार्रवाई में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना देवभोग क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग और मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 15 और 16 मार्च 2026 को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर ओडिशा प्रांत से लाई गई महुआ शराब और देशी कच्ची शराब को जब्त किया गया। पहली कार्रवाई में ललीन्द्र कश्यप को तेल नदी पुल के पास से 40 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं बुटुराम यादव के पास से 9 लीटर, तरूण डोंगरे के पास से 6 लीटर शराब जब्त की गई। इसी तरह गुरजीभाठा क्षेत्र में टंकेश्वर ▶▶|शेष पेज 11 पर






## खबर संक्षेप

### फुलझर में लगा स्वास्थ्य शिविर 170 ग्रामीणों को मिला लाभ



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर, ग्रेटर द्वारा गरियाबंद जिले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट रितेश जिंदल ने बताया की यह शिविर रायपुर से लगभग 70 किमी दूर स्थित छोटे से गांव फुलझर में आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के तीन गांवों को शामिल किया गया। इस शिविर में लगभग 170 ग्रामीणों को हड्डी रोग (ऑर्थो), स्त्री रोग (गायनेकोलॉजी), दंत चिकित्सा, होम्योपैथी अ नेत्र चिकित्सा से संबंधित सेवाएं प्रदान कर उनकी सहायता की गई। इस फार्यक्रम के आयोजन में रोटेरियन अनुराधा सारड़ा, रोटेरियन डॉ. जितेंप सराफ और रोटेरियन डॉ. मूनमून अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। यह स्थान स्वास्थ्य शिविर के लिए बेहद उपयुक्त और महत्वपूर्ण साबित हुआ। जरूरतमंद क्षेत्र में आयोजित यह पहल वास्तव में एक सराहनीय और सेवा भाव से भरा प्रयास था, जिसका हिस्सा बनकर हम सभी गर्व महसूस कर रहे हैं। गांव की पंचायत द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाएं, आतिथ्य और स्वादिष्ट भोजन ने इस अनुभव को भी यादगार बना दिया। इस कार्यक्रम में रोटेरियन राज दुवे, रोटेरियन अजय तिवारी, रोटेरियन संजय मोहता, रोटेरियन पियूष भार्गव सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### इंद्रकुमार साहू ने मनाया होली मिलन उत्सव



**अभनपुर।** आशुतोष अलका अग्रवाल भवन में विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा फूलों वाली होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। विधायक इंद्रकुमार साहू अपनी पत्नी एवं परिवारजनों के साथ समारोह में पहुंचे और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता और सद्भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पूरे वातावरण में रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और होली गीतों की धुन गूंजती रही। कार्यक्रम में लोगों ने पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य करते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### मवेशियों का अवैध परिवहन, 25 बैल बरामद



**महासमुंद।** बसना पुलिस ने बड़ेसाजापाली रोड ग्राम झारबंद में क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ले जाए जा रहे 25 नग बैलों को बरामद किया है। मामले में तीन लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते, हांकते पैदल चलाते हुए बडेसाजापाली की ओर से ओडिशा कत्लखाना ले जा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर उक्त लोगों को रोका गया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नामछेडूलाल साहू पिता पीलालाल साहू (65 साल) झुमका थाना सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, पंचराम हरवंश पिता सुखराम हरवंश (60 साल) मिरौनी थाना हसौद जिला सक्ती, जगजीवन भास्कर पिता देशराम भास्कर (48 साल) डोमाडीह थाना सारंगढ़ होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 25 नग बैल कीमत करीबन 500000 रुपए व मोबाइल बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# माता रमई पाठ धाम, निःसंतान दंपतियों की भरती है झोली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर घाट खाल्हे में बसे ग्राम सोरिद खुर्द जो छुरा फिंगेश्वर पहुंच मार्ग से सोरिद खुर्द से दो किलोमीटर की दूरी पर 8 वीं शताब्दी के प्राचीन समय में गादी मई विराजमान हैं। जहां त्रेतायुग में भगवान श्री राम के बनवास काल के बाद वापस होने के बाद माता सीता को कुछ कारण वश बनवास दिया गया था उस समय माता सीता गर्भावस्था थी और उस बनवास के समय में छोटे भाई लक्ष्मण ने इस प्राचीन स्थल बियाबन जंगल में छोड़ा था, उसी समय में माता सीता को प्यास लगी तो लक्ष्मण को बोला मुझे बड़ी जोर से प्यास लगी है।तो लक्ष्मण ने वहां आस पास पानी तलाश किया लेकिन पानी कहीं नही मिला तब लक्ष्मण ने अपने बांन निकाला और आम के पेड़ के निचे बांन छोड़ा तब से यहां नित्य प्रति अविरल जल की धारा बह रही है।माता सीता गर्भावस्था होने के कारण यहां कुछ महीने व्यतीत किया,उस समय में इस बियाबन जंगल में माता सीता को वापस लेजाने के लिए भगवान श्री राम,विष्णु भगवान, अर्धनारेश्वर शिव जी,नर्सिंग भगवान, गरुड़ जी, पाताल भैरवी,काल भैरव,बकरम पाठ ये सभी देवताओं ने माता सीता को वापस लेने के लिए आएं ।माता सीता को वापस लेने के लिए आया था, लेकिन माता सीता ने जवाब दिया कि मुझे बनवास काल ठीक है। और माता सीता के साथ यहां पर सभी देवताओं ने बियाबन जंगल में रंम गए सभी देवताओं का पत्थर का शीला मे परिवर्तन हो गया और इस जगह का नाम रमई पाठ के नाम से जाना जाता है। माता रमई पाठ में चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र पर मनोकामना दिप प्रज्वलित किया गया। जहां निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य शीतल जल, अदृश्य दिव्य स्वरुपी रमई पाठ धाम जहां दिन दुखियों दुखियारीनो की मनोकामना पुरी होती गई और माता रमई पाठ के आशिर्वाद से अभी तक हजारों की झोली भरी हुई है। और यहां की माता रमई पाठ की मान्यता है, कि रमई माता निःसंतान दम्पतियों की झोली भरती है। छत्तीसगढ़ में ऐसे बहुत से ऐतिहासिक व प्राचीन स्थल हैं, जिनका वर्णन रामायण व महाभारत ग्रन्थ में मिलता है। उन्हीं में से एक स्थल छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के सोरिदखुर्द ग्राम में स्थित रमई पाठ है। जहां पर भक्तों की हर मनोकामना माता पूरी कर देती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली भी भरती देखी गई है।

## लक्ष्मण के बाण से फूटी जलधारा आज भी है अविरल



### लोग चढ़ाते हैं लोहे की जंजीर

मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां पर चैत्र और शारदीय नवरात्रि में माता को प्रसन्न करने के लिए भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जाती है। मान्यता है कि इस मंदिर में माता अपने भक्तों की पूरी मनोकामना पूरी करती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली में भी भरती देखी गई है। संतान प्राप्ति के बाद यहां लोग सांकल (लोहे की बनी चैन) चढ़ाते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्र 19 मार्च गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है जहां 11 गांव समिति एवं ग्रामीणजन तैयार में लेगे हुए हैं। यहां नवरात्र के प्रथम दिवस से ही दानदाताओं द्वारा भोजन भंडारा प्रसाद कराया जाता है।यहां की व्यवस्था एवं देखरेख 11 गांव की समिति करते आ रहे हैं।



## समस्या : किसान जरूरत के समय धान की फसल बचाने के लिए जूझ रहे

# अमलीपदर में सिंचाई के लिए करोड़ों खर्च कर बिछाया कैनालों का जाल, फिर भी खेत प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के अमलीपदर क्षेत्र में सिंचाई के नाम पर कैनालों का जाल तो बिछा दिया गया है, लेकिन खेत आज भी पानी के इंतजार में प्यासे हैं। कोटरी डायवर्सन, आमजोरा डायवर्सन, छैला डायवर्सन, गुढ़ियारी डायवर्सन और बहुचर्चित घुमरापदर डायवर्सन जैसे बड़े प्रोजेक्ट से घिरे इस इलाके के किसान जरूरत के समय अपने धान की फसल बचाने के लिए जूझते नजर आते हैं। इसी बीच हाल ही में बना कुंडेरा पानी डायवर्सन इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। लगभग 1 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से 7140 मीटर (238 चौन) लंबी इस कैनाल का पुनः निर्माण और मरम्मत कार्य किया जा रहा है, जिसमें 8 छोटी-बड़ी पुलियाओं का भी निर्माण और मरम्मत शामिल है। विभाग का दावा है कि इससे करीब 150 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई का लाभ मिलेगा। हालांकि हकीकत इस दावे से काफी अलग नजर आ रही है। हाल ही में किए गए ट्रायल के दौरान पानी सिर्फ 20 से 25 हेक्टेयर क्षेत्र तक ही पहुंच पाया। इस संबंध में सिंचाई विभाग के ईई एसके बर्मन ने चर्चा में कहा कि फिलहाल कार्य प्रगति पर है और आने वाले समय में किसानों को इसका लाभ जरूर मिलेगा।

**एनिकट में सिर्फ 2 फीट पानी, कैसे बुझेगी खेतों की प्यास-** कुंडेरापानी डायवर्सन जिस खैरा जोर नाला से जुड़ा है, वहां बने एनिकट की वर्तमान स्थिति भी सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार वहां पानी का स्टॉक वर्तमान के स्थिति से सिर्फ 2 फीट ऊपर ही बारिश के समय में जमा हो सकती है क्योंकि एनीकट का ऊंचाई वर्तमान स्टॉक पानी के लेबल से सिर्फ दो फीट ऊपर है। बारिश के महीने में सीमित मात्र में ही पानी जमा होगा और बाकी पानी बहकर आगे उड़ीसा की तेल नदी में चला जाएगा। ऐसी स्थिति में सवाल उठ रहा है कि सिर्फ दो फीट पानी वाले एनिकट के सहारे क्या 155 हेक्टेयर जमीन तक पानी पहुंचाना संभव है, या फिर यह कैनाल भी क्षेत्र के अन्य कैनाल की तरह केवल शोपीस बनकर रह जाएगा।

**कहीं अधूरी खुदाई, कहीं बीच में पत्थर कई कैनाल अधूरे-** अमलीपदर क्षेत्र में कई कैनाल वर्षोंर् से अधूरे पड़े हैं। कहीं कैनाल आधा खोदकर छोड़ दिया गया, तो कहीं पत्थर आने पर काम रोक दिया गया। कई जगहों पर सड़क पार करने के लिए पुलिया तक नहीं बनाई गई। इसके बावजूद विभाग का दावा है कि क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था संतोषजनक है। वही दूसरी ओर गोलामाल के पास आमजोरा और कोटरी कैनाल के बीच एक अजीब स्थिति बन गई है। दरली पारा रोड, मरघट और हरिजनपारा के पास तीन जगह कटिंग कर एक कैनाल को दूसरे के ऊपर से गुजारा गया है। स्थानीय लोग इसे कैनाल की लक्ष्मण रेखा बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह रामायण में लक्ष्मण रेखा पार नहीं की जा सकती थी, उसी तरह यहां एक कैनाल का पानी दूसरे कैनाल के आगे नहीं बढ़ पा रहा।

**पानी पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे-** सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन ने बताया की इस कैनाल के ट्रायल में ही आखिरी छोर तक पानी पहुंच गया है जिससे यह साबित हो रहा है की पूरी 150 हेक्टेयर तक पानी पहुंचाने के लिए सक्षम है। पानी का लेवल को लेकर अगर किसी किसान को पानी नहीं मिलेगा तो हमें आवेदन करें अन्य माध्यम से भी उसको पानी पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे।





### किसानों को मुआवजा मिला, पानी नहीं

कई किसानों का कहना है कि कैनाल के नाम पर जमीन तो ले ली गई और मुआवजा भी दिया गया, लेकिन खेतों तक पानी नहीं पहुंचा। कई किसानों का आरोप है कि सरकार मानो कैनाल का जाल बिछाकर मुआवजा देकर लोगों को संतुष्ट करना चाहती है, लेकिन असली लक्ष्य यानी सिंचाई अब तक अधूरा है।

### दो लाख का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ग्राम परसकोल में बसना पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से दो लाख से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि परसकोल चौक में वाहन चेकिंग के एक नीला रंग का बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 4909 में दो व्यक्ति सवार होकर बीच में कुछ सामान रखे आते दिखे। जिन्हें रोकना का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने हड़बड़ाकर कर मोटर सायकल को मोड़ने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोका और चालक को पुलिस को देख कर हड़बड़ाने का कारण पूछने पर सीट के उपर बीच में रखे थैले में गांजा होना बताया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम संजय विशाल पिता गुरुवचन विशाल (22 साल) चारभांठा थाना सांकरा जिला महासमुंद एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुरेंद्र कुमार गडतिया पिता कीर्तन गड़तिया (32 साल) पझरापाली थाना बसना जिला महासमुंद होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4.070 किलोग्राम गांजा, कीमत 2, 03500 रुपए, बाइक कीमत 70, 000 रुपए, मोबाइल कुल 2, 83, 500 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पितईबंद में पूर्व सीएम बघेल का स्वागत...



**राजिम।** राजिम प्रवास के दौरान जनपद सभापति डॉ. दिलीप साहू एवं पूर्व सभापति अर्चना साहू के नेतृत्व में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का स्वागत पितईबंद के श्री विष्णु कृपा फ्यूल्स में हुआ। साहू परिवार द्वारा आरती उतारकर बुके भेंट कर पुष्पमाला पहनाकर श्री बघेल का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर साहू परिवार के साथ साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



### पांच दिवसीय अखंड रामायण 27 मार्च से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए, पंचम पुरस्कार 2001 रुपए दिए जाएंगे। प्रत्येक मानस मंडली को 1100 रुपए दिया जाएगा।

### सनातन ध्वजवाहिनी का होली मिलन

**राजिम।** राजिम में सनातन ध्वजवाहिनी की बहनो ने होली मिलन कार्यक्रम रखा जिसमें छाया राही, तनु मिश्रा, किरण तिवारी, भावना शर्मा, सीमा शर्मा, ईश्वरी शर्मा, सविता गोस्वामी ,रमा शर्मा, प्रीति पांडे, मनीषा शर्मा,सोनल महाड़िक, ममता शर्मा, पूजा शर्मा, सुमन दुबे, पूर्णिमा साहू शामिल थे।



# भाजपा के प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया और एआई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। सोमवार को मैनपुर मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुवात हुई। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने ध्वजारोहण कर प्रशिक्षण की शुरुआत की। उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और कार्यप्रणाली से जोड़ने का माध्यम होते हैं। कार्यक्रम के पहले दिन गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति-नीति, कार्यपद्धति, इतिहास, वैचारिक आधार तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया, एआई और नमो एप के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके पहले मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता सक्षम आए जागरूक होता है। हमे इसके माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। इसके बाद प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रें में अलग–अलग विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मुरलीधर सिन्हा ने भाजपा के इतिहास और विचारों पर जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने सरकार की उपलब्धियों और उनके क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कार्यविस्तार और दृष्टि पर प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा चौथे सत्र में प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक एवं पूर्वजिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने पार्टी की कार्यपद्धति के बारे में प्रशिक्षण दिया। वहीं दूसरे दिन के सत्रें में, भाजपा जिला महामंत्री वैचारिक अनुष्ठान पर, जिला उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी बूथ प्रबंधन पर जिला प्रवक्ता योगिराज माखन सोशल मीडिया, सरल एप और नमो एप के उपयोग की जानकारी दिये। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री घनस्याम मरकाम दिनेश सचदेव ने किया। इस अवसर पर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संचालकों ने कहा- स्टॉक पर्याप्त, नियमों के कारण हो रही देरी

# गैस सिलेंडर के लिए ई केवायसी और ओटीपी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

वर्तमान समय में सभी जगह पर गैस सिलेंडर को लेकर बातें आ रही है इस संबंध में इंडियन गैस के संचालक ईशा चांगल ने बताया कि यहां पर शासन द्वारा जारी नियमों के तहत लोगों को लगातार गैस वितरण किया जा रहा है साथ-साथ उन्होंने कहा कि सिलेंडर के साथ केवाईसी अनिवार्य है एवं ई केवाईसी नहीं होने के कारण ओटीपी नहीं आ रहा है और ओटीपी नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को गैस मिलने में परेशानी हो रही है अतः उन्होंने अपील की है कि सभी गैस कनेक्शन उपभोक्ता केवाईसी अनिवार्य रूप से करवाए साथ-साथ उन्होंने कहा कि यहां पर प्रत्येक दिन की तरह ही गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है किंतु शासन के नियम की वजह ओटीपी नहीं हो रहा है। ज्ञात हो की पूरे देश में सिलेंडर की समस्या बनी हुई है क्षेत्र को ग्रामीण एरिया मानते हुए प्रत्येक सिलेंडर के पश्चात 45 दिन की अवधि के पश्चात ही दूसरा सिलेंडर प्रदान किया जाएगा साथ ही साथ गैस सिलेंडर के लिए मिस कॉल करने पर 24 घंटे में ओटीपी प्राप्त हो रहा है और ओटीपी मिलने के पश्चात ही सिलेंडर दिया जा रहा है, गैस के संचालक ने बताया कि जो गैस सिलेंडर धारी विगत 9 महीने तक रिफिल नहीं किया गया है उन्हें निष्क्रीय कर दिया गया है और उन्हें सक्रिय करने के लिए फिर अपना आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज देने होंगे जो 24 घंटे में फिर उपलब्ध हो जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगभग 12000 गैस के कनेक्शन है जिसमें उज्ज्वला योजना शामिल है उन्होंने कहा कि इसमें आधे से अधिक लोग की केवाईसी नहीं किए हैं साथ-साथ उज्ज्वला योजना के जुड़े लोग लगातार नहीं ले जाते हैं, उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक दिन 160 सिलेंडर प्रत्येक दिन निकलते हैं अभी 16 मार्च को 146 सिलेंडर का वितरण किया गया है। और आज 52 सिलेंडर का वितरण किया गया है कि क्योंकि मिस कॉल के पश्चात ओटीपी 24 घंटे में आ रहा है और लोगों को गैस सिलेंडर के लिए ओटीपी का इंतजार करना पड़ रहा है साथ-साथ उन्होंने कहा कि पहले भी 4 दिन के में एक गाड़ी सलेंडर आती थी जिसमें 342 होता है और अब भी 4 दिन में एक गाड़ी सिलेंडर आ रहा है। किंतु नियम के बाध्यता और ओटीपी की वजह से लोगों को वितरण नहीं होता है इसलिए भीड़ नजर आ रही है ,उन्होंने सभी से अपील की है कि किसी प्रकार के भ्रामक जानकारी में न फसे और मिस कॉल करओटीपी लेकर आने पर सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है।

### जैरीकेन ट्रैक्टर के लिए जारी रखने की मांग

इसी तरह पवन फ्यूल्स के संचालक पवन सिंहा ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार पालन करते हुए जरकिन आदि में पेट्रोल प्रदान नहीं किया जा रहा है साथ ही साथ सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है। दूरस्थ गाड़ियों को डीजल लेने के लिए आने के लिए समय के साथ-साथ अर्थ का नुकसान हो रहा है इसलिए ज्यादातर ट्रैक्टर, जेसीबी के मालिक ने मांग की है कि जरकिन में डीजल प्रदान किया जाए क्योंकि यहां से 25 से 30 किलोमीटर ट्रैक्टर लेकर डीजल डालने के लिए आना काफी नुकसानदायक निर्णय होगा। साथ-साथ ट्रैक्टर संचालक संघ में भी कहा की दूरस्थ अंचल में कार्यरत ट्रैक्टरों को डीजल प्रदान किया जाए ताकि सभी प्रकार के कार्य समय सीमा पर हो सके, पेट्रोल पंप संचालक ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह में पड़ने की जरूरत नहीं है पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल डीजल उपलब्ध है जो लोगों को दिया किया जा रहा है।



### अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 11 वाहन जब्त

**महासमुंद।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन में संलिप्त कुल 11 वाहनों को जब्त किया है। खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश ने बताया कि 13 मार्च को अवैध परिवहन के मामले में फर्शी पत्थर खनिज से भरे 02 आईचर वाहन तथा चूना पत्थर से भरा 01 हाईवा वाहन जब्त किया गया। इसी तरह 16 मार्च को अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मुरूम खनिज के अवैध उत्खनन में लगे 02 जेसीबी लोडर तथा 06 हाईवा वाहन जब्त किए गए। इस प्रकार कुल 11 वाहन अवैध उत्खनन एवं परिवहन कार्य में संलिप्त पाए जाने पर जप्त किए गए हैं। सभी जप्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से थाना तुमगांव एवं महासमुंद की अभिरक्षा में रखा गया है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक होरीलाल चांदने ने मिठाई व जूस वितरित किया

**नवापारा-राजिम।** मंगलवार को पीएमश्री शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक होरीलाल चांदने ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर न्योता भोज के तहत प्राचार्य दानी मैम, दीनबंधु साहू की मौजूदगी में मिठाई एवं जूस वितरित किया। इस आयोजन के माध्यम से गुरूजी ने न केवल अपने जन्मदिवस को सार्थक बनाया, बल्कि विद्यार्थियों के बीच प्रेम, सहयोग एवं आपसी सदभाव का संदेश दिया।

### ग्राम उल्बा में माता कर्मा जयंती की धूम



**अभनपुर।** परिक्षेत्र साहू समाज खोरपा द्वारा कर्मा जयंती के अवसर पर कर्मा रथ यात्रा निकालकर गांव-गांव में आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम उल्बा में भव्य कलश यात्रा निकालकर श्रद्धा और उत्साह के साथ कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान माता कर्मा का रथ गांव के विभिन्न दैविक स्थलों का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा के साथ राम मंदिर पहुंचा। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर समाज के महिला-पुरुष भक्तिभाव में झूमते नजर आए। इस मौके पर परिक्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि कर्मा रथ केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी केंद्र है। वहीं भाजपा नेता एवं सरपंच नेहरू लाल साहू ने कहा कि माता कर्मा का जीवन त्याग, तपस्या और भक्ति का प्रेरणास्त्रोत है। उनके गुणों का अनुसरण करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने आगे कहा कि साहू समाज देश में बहुसंख्यक होने के साथ सरल, सहज और मेहनती है, जिसका राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सामाजिक एकता और सहयोग से ही समाज का समग्र विकास संभव है। इस दौरान वीरेंद्र साहू, रामसिंग साहू, सीताराम साहू, अनुसुईया साहू, हेमलता साहू, संतोष साहू, लीला राम साहू, यशवंत साहू, रामकुमार साहू, संजय साहू, माखन साहू, बोधन साहू, मनोज साहू, प्यारेलाल साहू, लिखन साहू, आनंद साहू, प्रमिला साहू, नर्मदा साहू, नारद साहू, कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### गांवों में विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में अब भी सड़क, पेयजल, बिजली और नाली जैसी आधारभूत सुविधाओं की कमी देखने को मिलती है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निधि लोकेश चंद्राकर ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जाए और खराब हैंडपंप व पाइपलाइन को शीघ्र ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि हर साल अस्थायी व्यवस्था करने के बजाय दीर्घकालिक योजना बनानी होगी।

## निधन

### प्रेमा बाई सिन्हा

छुईहा बेलर। घसनीन बाई सिन्हा ग्राम चरौदा निवासी का निधन निज



निवास पर मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार चरौदा के मुक्तिधाम में बुधवार को किया जाएगा। वह ग्राम के वरिष्ठ नागरिक कांग्रेस नेता खोरबाहरा सिन्हा की पत्नी और पूर्व उपसरपंच चन्द्रहास की माता दी।

## आयोजन : विकासखंड फिंगेश्वर में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

# 13320 बच्चों को विटामिन ए व 14212 बच्चों को आयरन सिरप पिलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

विकासखंड फिंगेश्वर में शिशु संरक्षण माह 17 मार्च से 21 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा। जिसका शुभारंभ दिनांक मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र (धनराज) सूर्यवंशी व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दूज लाल बंजारे के द्वारा बच्चों को विटामिन ए पिलाकर व आयरन सिरप वितरण कर किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर स्नेहलता हुमने ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद डॉक्टर यू.एस. नवरत्न के निर्देशन में पूरे गरियाबंद जिला एवं विकासखंड फिंगेश्वर में 17 मार्च से 21 अप्रैल 2026 तक शिशु संरक्षण माह आयोजित किया जाएगा जिसमें 13320 बच्चों को विटामिन ए पिलाया जाएगा व 14212 बच्चों को आयरन सिरप का वितरण किया जायेगा। शिशु संरक्षण माह में हमारे ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा 6 माह से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयरन सिरप दिया जाएगा। 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए का सिरप पिलाया जाएगा। यह कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, हमारे सभी उपस्वास्थ्य केंद्रो एवं सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होगा। इस दिन नजदीकी सत्र स्थल जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र या स्वास्थ्य संस्था में मितानिनों के माध्यम से बच्चों को बुलाकर उनके पालक की उपस्थिति में आयरन सिरप का वितरण किया जाएगा, साथ ही बच्चों को उम्र अनुसार विटामिन ए का डोज दिया जाएगा। आयरन सिरप बच्चों में होने वाले कुपोषण, एनीमिया को दूर कर बच्चों को चुस्त तंदुरुस्त बनाता है। इसके साथ ही विटामिन ए बच्चों में होने वाले रतौंधी रोग से रक्षा करता है। बच्चों की नेत्र ज्योति को बढ़ाता है, साथ ही इस दिन 0 से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन लिया जाएगा। बच्चों में होने वाले कुपोषण की पहचान किया जाएगा। कुपोषित बच्चों को उचित देखभाल के लिए एनआरसी गरियाबंद भेजा जाएगा। साथ ही बच्चों में कुपोषण एनीमिया की पहचान के लिए बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट भी किया जाएगा। उम्र वाइस ड्यू वाले बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। गर्भवती की जांच किया जाएगा। सभी पालक मितानिन व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य संस्था या आंगनबाड़ी केंद्र में ले जाकर इसका लाभ अवश्य दिलाए ताकि बच्चों में होने वाले खून की कमी एनीमिया रतौंधी को दूर कर बच्चों को स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाया जा सके।यह शासन की बहुत ही महती योजना है। सभी पालक इसका लाभ अपने बच्चों को अवश्य दिलवाएं।



### कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ महाअभियान

शुभारंभ अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र कुर्रे, बीईटीओ योगेश पराना, वरिष्ठ नागरिक व व्यवसायी बसंत गुप्ता, राम राय साहू, पर्यवेक्षक आशा पोद्दार, लेखराम वर्मा राधा सोनी, अशोक साहू, डी वर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी योगानंद चक्रधारी, सुधा नायक, हेमा बघेल, सत्यवती दिवाकर, उत्तम साहू, लोकनाथ साहू, विजय चेलक साथ ही समस्त अधिकारी कर्मचारी गण, सभी मितानीने बच्चे व उनके माता- पिता उपस्थित थे। शुभारंभ अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दूज लाल बंजारे ने अपने उदबोधन में समस्त नागरिकों से अपील किया है कि अपने बच्चों के स्वास्थ्य वृद्धि व विकास के लिए अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर विटामिन ए व आयरन सिरप अवश्य पिलाए और शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाकर कुपोषण व एनीमिया को दूर करने में शासन की मदद करे।

## रसेला में शिक्षक निभा रहे खोज अभियान की जिम्मेदारी घर-घर जाकर दे रहे न्योता



**रसेला।** क्षेत्र में इन दोनों एक अनोखा सीजन चल रहा है। एक तरफ स्कूलों में वार्षिक परीक्षाओं का मौसम है, तो दूसरी तरफ जंगलों में महुआ फूल, फर्क बस इतना है कि परीक्षा की घंटी स्कूल में बज रही है और बच्चों की उपस्थिति महुआ के पेड़ों के नीचे हो रही है। हालात ऐसे हैं कि स्कूलों में परीक्षा तो तय समय पर शुरू हो रही है, लेकिन कई बच्चों की ड्यूटी अभी भी महुआ बीनने में लगी हुई है। नतीजा ये है कि अब शिक्षक परीक्षा कक्ष में बैठकर बच्चों का इंतजार करने के बजाय घर घर परीक्षा निमंत्रण अभियान चला रहे हैं। कोई शिक्षक बाइक से गांवों की खाक छान रहा है, तो कोई माता पिता को समझा रहा है कि महुआ कल भी गिरेगा, लेकिन परीक्षा साल में एक बार ही आती है। कई जगहों पर तो दश्य ऐसा बन गया है,मानो शिक्षक पढ़ाने से ज्यादा बच्चों को पकड़कर परीक्षा दिलाने की जिम्मेदारी निभा रहे हो। गांव में शिक्षक बच्चों को ढूंढ रहे हैं तो कहीं उन्हें बाइक पर बैठाकर सीधे परीक्षा केंद्र तक पहुंचा रहे हैं। एक शिक्षक ने हंसते हुए कहा, पहले हम बच्चों को पढ़ाते थे,अब खोजते भी हम ही हैं। ग्रामीणों की अपनी और गणित भी है। महुआ इन दिनों लगभग 50 रुपए किलो बिक रहा है। सुबह सुबह महुआ बीनने से घर में तुरंत पैसे आ जाते हैं, जबकि पढाई का फायदा कई साल बाद दिखाई देता है। सरकार बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए मिड डे मील, मुक्त ड्रेस, किताबें, छात्रवृत्ति और खेलकूद जैसी कई योजनाएं चला रही है। लेकिन कई जगहों पर जागरूकता अभी भी महुआ के पेड़ की छांव से बाहर नहीं निकल पाई है।

# भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान, 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

भाजपा मंडल फिंगेश्वर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान संपन्न भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला गरियाबंद के निर्देश पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का प्रशिक्षण वर्ग ब्राह्मण समाज भवन फिंगेश्वर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम सात सत्रें में चला शुभारंभ समारोह में भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रें पर माल्यार्पण कर पूजा किया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण के लिए आए हुए सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गान किया गया। उसके उपरांत मंच में उपस्थित शुभारंभ समारोह के अतिथियो का स्वागत फूलमाला एवं श्रीफल फोड़कर तिलक लगाकर मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू एवं प्रेमलाल टोडर तथा अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर अतिथि के रूप में जिला गरियाबंद के भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, महामंत्री आशीष शर्मा, वरिष्ठ नेता रामू राम साहू एवं अशोक राजपूत भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, मंत्री सुरेंद्र सोनटेके एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित थे। प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ समारोह मे जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के विविध कार्य एवं विचारों को सीखने का अवसर प्राप्त हुआ है।





प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के माध्यम से पार्टी मजबूत होगी। प्रशिक्षण महा अभियान के प्रथम दिवस पर चार सत्र हुआ प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय तथा अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अशोक राजपूत ने किया जिन्होंने कार्यकर्ताओ को भाजपा के कार्य एवं रीति नीति को भली भांति परिचय कराया। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता राजेश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष तथा अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने किया।इस अवसर पर बुथ एवं पार्टी को मजबूत करने का मंत्र साथी मंडल बैठक, टोली बैठक,कार्यकारिणी बैठक दिया गया।तृतीय सत्र के वक्ता डॉ. रामकुमार साहू, अध्यक्षता प्यारेलाल सोनकर ने किया जिसमें पार्टी की स्थापना और विकास पर जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण महा अभियान में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू, वरिष्ठ नेता अशोक राजपूत, मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, मंत्री जगदेव सिंन्हा, अरुण सिन्हा, संगीता साहू, डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, निरा साहू, ईश्वर साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, शीतल साहू, डॉक्टर संतराम साहू उपस्थित रहे।

# सामाजिक समरसता और सम्मान ही सशक्त समाज की पहचान : अवध

## कलार समाज का वार्षिक समारोह एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर




कलार समाज जिलाध्यक्ष गरियाबंद अवध राम सिन्हा ने कलार समाज की वार्षिक समारोह एवं भवन लोकार्पण के अवसर पर रविवार को स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाज में समानता और सम्मान का भाव ही किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की वास्तविक शक्ति होता है। जब शासन और प्रशासन सर्व समाज को एक दृष्टि से देखता है, तभी विकास की धारा हर वर्ग तक पहुंचती है। इसी भावना को आगे बढ़ाने के प्रयासों में सामाजिक भवनों और सामुदायिक केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। हाल के वर्षों में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल द्वारा अपने कार्यकाल में विभिन्न सामाजिक भवनों के साथ कलार समाज के निर्माण और सुविधा विस्तार की पहल इसी सोच का उदाहरण रहा है। उन्होने अपने कार्यकाल में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत फिंगेश्वर समाजिक भवन स्थल एंव राजिम के अन्तर्गत कोपरा कलार समाज के लिए 20-20 लाख रुपए भूपेश बघेल ने स्वीकृत किए जिसका आज फिगेंश्वर भवन का लोकार्पण इन्ही के कर कमलों से कराने का कलार समाज को सौभाग्य मिला है। वहीं कोपरा का भवन निर्माणाधीन है,भूपेश बघेल ने समाज की गौरव बहादुर कलारिन के नाम से फिंगेश्वर और गरियाबंद कन्या शाला का नामकरण की घोषणा कीये थे। कुछ शहरों के चौक को समाज के इष्टदेव भगवान सहत्राजुर्न के नाम बनाये गये।कलार समाज कृतज्ञता ज्ञापित करता है। अवध सिन्हा ने आगे कहा की भूपेश बघेल द्वारा इन भवनों का उद्देश्य केवल आयोजन स्थल उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति से जुड़ा हो को एक साझा मंच प्रदान करना है।

**बहादुर कलारिन और भगवान सहस्त्रार्जुन को मिला सम्मान-** आज कलार समाज ऐसे सामाजिक भवन परिसर में लोगों के बीच संवाद, सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दे रहे हैं। उनके दिए गए सौगात में विवाह, बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम और सामूहिक निर्णय इन सभी गतिविधियों के लिए एक सुलभ स्थान मिलने से समाज में एकता और सहभागिता की भावना मजबूत होगी। सामान्य दृष्टि से देखें तो यह पहल केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता का संदेश भी देती है। जब कोई सरकार इस प्रकार की योजनाओं को प्राथमिकता देती है, तो यह संकेत मिलता है कि विकास का लाभ किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर समाज और उनके निहित हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचेगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि वर्तमान सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि में भी इस तरह की समावेशी सोच को अपनाया जाए। समाज तभी आगे बढ़ेगा जब हर व्यक्ति को सम्मान, अवसर और सुविधा समान रूप से मिले यही एक सशक्त और समरस छत्तीसगढ़ और भारत की पहचान हो। भूपेश बघेल ने किसानों की हित में जो कार्य किया वो आज भी सुखद महसूस करा रहा है। हर की जुबान में चिंता मत कर कका अभि जिंदा की डायलाक आज भी गुंजित है।

## पेज 9 के शेष...

### अस्पताल में भर्ती...

गई थी जिसका लाइव फुटेज भी सामने आया है। घटना नवापारा थाना क्षेत्र का है। बताया गया है कि हादसे में मृतक प्रवीण का बड़ा भाई एक निजी अस्पताल में भर्ती है और वह उसकी देखभाल के लिए अटेंडर के रूप में अस्पताल में था। सोमवार शाम वह किसी काम से घर जाने के लिए अस्पताल से निकला ही था कि इसी दौरान सड़क पार करते समय पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में आ गया। घटना के सीसीटीवी फुटेज वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक अस्पताल से निकलकर डिवाइडर पार कर सड़क के दूसरी ओर पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही ट्रक के सामने हिस्से से उसकी बाइक टकरा गई।

### महुआ बीनने गए...

तत्काल रायपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। **अंचल में दहशत, वन विभाग के प्रति आक्रोश-** इस घटना के बाद कोचई मुड़ा सहित आसपास के गांवों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने जंगल जाने में डर जताया है, खासकर महुआ संग्रहण के इस मौसम में जब बड़ी संख्या में लोग रोजाना जंगल का रुख करते हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक करने और आवश्यक सुरक्षा उपाय उपलब्ध कराने की भी मांग उठ रही है। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को जंगल जाते समय समूह में जाने, सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव की हलचल दिखने पर तुरंत सूचना देने की सलाह दी जा रही है। बावजूद इसके लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।महुआ सीजन में इस तरह की घटनाएं हर साल सामने आती हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। अब जरूरत है कि प्रशासन और वन विभाग मिलकर ठोस रणनीति बनाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### कांग्रेस का रायपुर ...

घेराव प्रदर्शन किया गया। इसमें शामिल होने मैनपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व मे बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता दर्जनो वाहनो के माध्यम से रायपुर पहुंचे हालंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओ को जगह -जगह रोगा गया बावजूद इसके कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन मे शामिल हुए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, कांग्रेस अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, अमृत पटेल, चित्रांश ध्रुव, पंकज माझी, तनवीर राजपूत, डोमार साहू एवं क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बताया आज पूरा प्रदेश में भाजपा सरकार के असफलता के कारण जनता परेशान है और भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हुआ है।

### 109 लीटर अवैध...

यादव और मोहन ध्रुव के कब्जे से 15-15 लीटर देशी कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं बेरूराम हंसराज को जोरिंगपाड़ा पहाड़ी के पास से 25 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है। जब्त शराब की कुल अनुमानित कीमत करीब 17,500 रुपए बताई गई है। इसके अलावा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की। नाबालिग चालकों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। देवभोग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कौन्दकेरा में मनाया गया विश्व ग्लूकोमा सप्ताह, नेत्र परीक्षण कर बांटे गए चश्मे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

राष्ट्रव्यापी संपूर्ण अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. एस नवरत्न एवं अंधत्व निवारण कार्यक्रम गरियाबंद के जिला नोडल अधिकारी डॉ. टीएस पात्रे के निर्देशन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी राजिम डॉ. स्नेहलता हुमने के मार्गदर्शन में विश्व ग्लॉकोमा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा में किया गया। ग्लॉकोमा के बारे में जानकारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा के नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू ने बताया कि यह आंखों की एक गंभीर बिमारी है जिसमें यदि आंखों की रौशनी एक बार चली जाये तो उसे वापस लौटाया नहीं जा सकता।ग्लाकोमा विश्व में अंधत्व



का एक प्रमुख कारण है। 90 प्रतिशत लोगों को यह पता ही नहीं होता कि वह ग्लॉकोमा से पीड़ित हैं जिसके कारण वह अंधत्व का शिकार हो जाते हैं। ग्लॉकोमा के लक्षण में आंखों का लाल होना, आंखों की दृष्टि क्षमता में निरंतर परिवर्तन होना, आंखों से इन्द्रधनुष की तरह रंग दिखना, परिधि की दृष्टि में कमी इसके प्रमुख लक्षण हैं। सजगता, जागरूकता व नियमित नेत्र परीक्षण कराकर इस बीमारी को दवा एवं ऑपरेशन के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता। स्वास्थ्य केन्द्र में आए मरीजों को नेत्र परीक्षण कर सुरक्षा के आवश्यक उपाय एवं सावधानी के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया।

ग्लॉकोमा सप्ताह कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र हिरौंदिया, संस्था के प्रभारी विद्यावती बंजारे, नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू, भावना कोरे, उमेश साहू, मीरा साहू, गीता सोनवानी, अंजू मन्नाडे, रेनू दिवाकर, भोलाराम चक्रधारी, बाबूलाल साहनी, गीता साहू, खिलेश्वरी वर्मा, विनीता शर्मा,र वि विश्वकर्मा, नंदिता निषाद सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कृषि कॉलेज निर्माण पर रार भूमिपूजन टलने से ग्रामीणों ने बनाई संघर्ष समिति

**राजिम।** कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण मामले को लेकर किरवई में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सोमवार को गांव के लोग इकट्ठे हुए और संघर्ष समिति का निर्माण किया। ग्राम किरवई में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भवन निर्माण के लिए विधायक रोहित साहू के प्रयास से 14 करोड़ रुपए स्वीकृत हुआ हैं जिसके तहत भूमिपूजन कार्यक्रम की तिथि तय हो गई थी जिसे अचानक स्थगित कर दिया गया जिससे ग्रामवासी दुखी होने के साथ-साथ आक्रोशित हैं। इसलिए भवन निर्माण के लिए एक संघर्ष समिति का गठन किया गया हैं। बैठक में सरपंच देवकुमारी-हेमंत साहू, भाजपा नेता मोतीराम साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नारायण साहू, पूर्व जनपद सदस्य एवं मजदूर नेता गेंदलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। इन स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने कहा है कि हमारे गांव में कृषि महाविद्यालय निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न करना उचित नहीं है यह एक निंदनीय कार्य है। बताया कि संघर्ष समिति पहले शासन प्रशासन से अविलंब महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग करेंगे और यदि शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दिया तो उग्र आंदोलन करने के लिए ग्रामवासी और आसपास के तमाम गांव के लोग संयुक्त रूप से बाध्य हो जाएंगे।

### मोंगरा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम मोंगरा में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने रामायण मुख्य रूप से सात कांडों (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड) में विभाजित है। महर्षि वाल्मीकि को 'आदिकवि' कहा जाता है। वे पहले एक साधारण शिकारी थे जिनका नाम रत्नाकर था। जब वे महर्षि नारद के संपर्क में आए, तो आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया और गहन तपस्या की। उनके अंदर परिवर्तन इतना गहरा था कि वे वाल्मीकि (वल्मीक = दीमक का टीला) कहलाए क्योंकि वे ध्यानस्थ स्थिति में इतने समय तक बैठे रहे कि उनके चारों ओर दीमकों का टीला बन गया।

### दबनई की आंबा सहायिका विजया मरकाम का निधन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 09 किमी दूर विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम खोलापारा की आंगनबाड़ी सहायिका विजया मरकाम उम्र 27 वर्ष का सोमवार रात को निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई बीते



रात्रि सोमवार को खाना खाने के बाद जो सोई वह वापस नहीं उठी। रात को बच्चे के अत्यधिक रोने के बाद परिजनों ने जब विजया मरकाम को उठाने का प्रयास किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पश्चात परिजनों ने रात्रि 3 बजे उन्हे मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर लगते ही बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उनके घर पहुंचकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया उनके दो छोटे- छोटे बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। ज्ञात हो विजया मरकाम उम्र 27 वर्ष काफी मिलनसार और आंगनबाड़ी के बच्चो को नवाचार प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करती थी तथा हर गतिविधियों में बढ चढकर हिस्सा लेती थी। मैनपुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार खोलापारा के विजया मरकाम का मंगलवार सुबह पोस्टमार्डम करवाकर शव परिजनों को सौपा गया है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जॉच की जा रही है।

# जिले का ओड़-आमामोरा बना मिनी कश्मीर, ओलावृष्टि से बिछी बर्फ की सफेद चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि कश्मीर का नजारा है लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व पहाड़ी के ऊपर बसे ग्राम ओड़, आमामोरा का जिसे क्षेत्र के लोग मीनी कश्मीर के रूप मे जानते है। जमीन सतह से हजारो मीटर ऊंचाई पर बसा ओड़ आमामोरा में ठंड के दिनों में सर्वाधिक ठंड पड़ता है और तापमान बेहद नीचे चला जाता है। साथ ही यह पूरे प्रदेश के पर्यटकों का मनपसंद इलाका भी है। इस क्षेत्र में पहुंचने के लिए 10 किमी तक पक्की डामरीकरण सड़क भी बन चुका है। मैनपुर से महज 34 किमी दूर गरियाबंद जिले के ओड़ आमामोरा गांव एक बार फिर प्रकृति के अद्भुत और दुर्लभ रूप का गवाह बना सोमवार शाम को हुई भारी आंधी-तूफान ओलावृष्टि

**चारो तरफ नजर आ रहा था सफेद चादर**





से पूरा ओड़ आमामोरा की तस्वीर बदल गई यहां अब तक के सबसे ज्यादा ओलावृष्टि हुआ है। रात में लोग घर से बाहर ही नहीं निकल पाये इतना ज्यादा ओलावृष्टि और बर्फ गांव और पहाड़ी इलाके मे गिरा कि चारो तरफ सिर्फ सफेद चादर नजर आ रहा था और यह खुबसूरत दृ"य दूसरे दिन आज मंगलवार को भी सुबह देखने को मिला। सुबह जब लोग अपने घरो से बाहर निकले तो उनके सामने जो दृश्य था वह किसी सपने से कम नही था पेड़ पौधे गांव की गलियां मकान चारो तरफ सफेद ही सफेद मानो धरती पर बर्फ की मोटी चादर बिछ गई हो और ग्रामीणो व बच्चो ने जमकर बर्फ का आनंद लिया वही उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इस अद्भुत नजारे के फोटो और वीडियो आज जारी करते हुए जानकारी दी सुबह से बड़ी तादात मे लोग आज ओड़ आमामोरा पहुंचे हुए थे।

## राहत : जिले के मैनपुर, देवभोग, झाखरपारा, गोहरापदर, बिन्द्रानवागढ़ के उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

# जिले में बिजली बिलों की महाछूट, 56 हजार उपभोक्ताओं का 36.50 करोड़ होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर


गरियाबंद जिले के 56102 बीपीएल बिजली कनेक्शन धारी पर 43 करोड़ रुपए बकाया है। समाधान योजना में तय समय पर पंजीयन कर अंतर की राशि भुगतान किया तो इन्हें 36.50 करोड़ रूपये की छूट मिलेगी। केवल 6 करोड़ ही भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का लाभ सर्वाधिक देवभोग, झाखरपारा और गोहरापदर वितरण केंद्र के ग्रामीणों को मिलेगा। विष्णुदेव साय सरकार ने बिजली बिल बकायादारों के लिए राहत भरी योजना की शुरुवात किया है।विभाग स्तर पर योजना से राहत देने की पूरी तैयारी में विभाग जुट गया है ।योजना के मुताबिक निक्रिरय बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल बकाया में 75 फीसदी और अधिभार में 100 फीसदी छूट दिया जायेगा,घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल बकाया में अधिकतम 50 फीसदी और अधिभार में 100 फीसदी तक छूट देने की योजना बनाई गई है। बचत रकम को अधिकतम 6 किश्तों में पटाने की छूट है पर छूट का प्रतिशत इसमें कम होते जायेगा। बिजली विभाग के गरियाबंद कार्यपालन अभियंता हेमंत ठाकुर ने बताया कि भुगतान की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक की है।इसके लिए उपभोक्ताओं को अभी से पंजीयन कराने की आवश्यकता है।पंजीयन करने केवल बीपी और मोबाइल नम्बर ही उपलब्ध कराना होगा।मोर बिजली एप अथवा नजदीकी बिजली स्टेशन में पंजीयन हो जायेगा।जागरूकता और पंजीयन करने सोमवार से विभाग प्रत्येक वितरण केंद्र क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार और बड़े गांव में शिविर लगाने जा रही है।विभाग ने स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधियों को इस योजना का लाभ लेने विभिन्न माध्यमों से अपील करने का भी आग्रह किया है,ताकि ज्यादा से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को इस सुनहरे छूट योजना का लाभ मिल सके।

### जिले भर में बीपीएल कनेक्शन को कहां कितनी छूट मिलेगी

गोहरापदर वितरण केंद्र के 7940 उपभोक्ताओं को 1 करोड़ भुगतान करने पर 6.12 करोड़ की छूट मिलेगी।अमलीदपर केंद्र के 7215 उपभोक्ताओं को 86 लाख पटाने पर 5.24 करोड़ की छूट मिलेगी। बिन्द्रानवागढ़ के 3291 उपभोक्ताओं को 35 लाख पटाने पर 2.31 करोड़ की छूट मिलेगी ।मैनपुर केंद्र के 3365 उपभोक्ताओं को महज 31 लाख पटाने पर 1.75 करोड़ का फायदा होगा । मड़ेली के 3178 उपभोक्ताओं को 23 लाख पटाना होगा तो उन्हें 1.31 करोड़ का फायदा होगा। रसेला के 2896 उपभोक्ताओं को 24 लाख पटाने पर 1.27 करोड़ की छूट मिलेगी।छुरा केंद्र के 1907 उपभोक्ताओं को 12 लाख पटाने पर 54 लाख के छूट का लाभ मिलेगा।पाण्डुका के 933 उपभोक्ताओं को 1.86 करोड़ पटाने पर 6.95 करोड़ की छूट मिलेगी इसी तरह गरियाबंद ग्रामीण में मौजूद 2103 उपभोक्ताओं को 13 लाख पटाने पर 5.7करोड़ के छूट का लाभ मिलेगा।

### नहीं पटाया तो प्री पैड योजना लागू होते ही कनेक्शन कट जाएंगे

बकाया वसूली करने उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी समाधान योजना लागू किया गया है, जानकारों का कहना है कि इसके




बाद प्रीपेड स्कीम लागू होगा, जिसकी रूपरेखा भी तैयार कर लिया गया है। बकायादार रहे रो प्री पैड स्कीम से वंचित हो सकते है।समाधान योजना सीमित समय के लिए है, जिसमें अधिकतम छूट और न्यूनतम भुगतान है, ऐसे में इस योजना के लिए समय रहते पंजीयन करना फायदे मद साबित होगा।

**स्वयं बिजली बिल भुगतान कर सकते हैं-** मैनपुर बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया की इस योजना के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ ले सके। अभी गांव-गांव शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया की मोबाइल में एप डाउनलोड कर उपभोक्ता स्वयं बिजली बिल भुगतान कर सकते हैं।

### देवभोग में सर्वाधिक उपभोक्ता

गरियाबंद जिले के 12 वितरण केंद्रों में सर्वाधिक 14 715 बीपीएल उपभोक्ता देवभोग केंद्र में हैं। सहायक अभियंता हेमंत कुमार नागवंशी ने बताया कि इन पर 12.93 करोड़ का बकाया है,जबकि तय समय में 1.69 करोड़ पटाया तो इन्हें सीधे 11. 23 करोड़ का छूट मिलेगा।झाखरपारा वितरण केंद्र में 7818 उपभोक्ताओं पर 6.85करोड़ का बकाया है,इन्हें केवल 92 लाख रुपए पटाना है जिससे उन्हें 5.93 करोड़ रुपए की छूट मिल जाएगी।सहायक अभियंता ने बताया कि बकायादारों में 80 फीसदी कनेक्शन धारी बिजली लगने के बाद से एक बार भी बिल का भुगतान नहीं किया है।योजना के अनुसार उन्हें अधिकतम 30 यूनिट प्रति माह खपत की छूट दी गई थी। इससे अधिक खपत पर बिल का भुगतान करना था जो नहीं किया।बीपीएल कनेक्शन में बेसिक सुविधा के लिए इस्तेमाल किया जाना था पर पंखा,कूलर और सबमर्सिबल पंप का भी इस्तेमाल किया गया है।



### 19 से चैत्र नवरात्रि का आगाज

**रसेला।** हिन्दू धर्म में चैत्र नवरात्रि नई ऊर्जा, आस्था और नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष के चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है, जिसका समापन 27 मार्च को होगा। शक्ति की साधना का सबसे बड़ा उत्सव चैत्र नवरात्र के पावन दिन से हिन्दू नववर्ष संवत 2083 का भी आगाज होगा। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने के साथ व्रत रखा जाता है। इसके साथ ही व्रती लोग पूरे नौ दिनों के लिए कलश स्थापना भी करते हैं और दशमी तिथि को व्रत का पारण करते हैं। मान्यता है कि इन्ही नौ दिन में ही सृष्टि का सृजन हुआ था। इसलिए सच्चे मन से की गई पूजा से जीवन में सुख-समृद्धि, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि शुक्ल, ब्रह्म योग भी बन रहा है। चैत्र नवरात्रि हिन्दू वर्ष में आने वाली चार नवरात्रियो में से पहली नवरात्रि होती है। इसकी शुरुआत चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है। क्षेत्र के देवी मंदिरों में व जोत ज्वार के लिए तैयारियां जोरों पर है। जिस घरों में या शीतला मंदिरों में ज्वार का आयोजन किया जाएगा, वहां आज से कार्यक्रम शुरू हो जाएगा।

### कांग्रेस के विधानसभा घेराव में छुरा के नेताओं ने भरी हुंकार



**छुरा।** प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में मनरेगा परियोजना के स्वरूप, नाम परिवर्तन के विरोध, प्रदेश के कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के खिलाफ विधानसभा घेराव में जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, प्रहलाद यदु सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नवापारा पेशनर्स समाज के अध्यक्ष बने रविशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवापारा पेंशनर्स समाज द्वारा सर्वसम्मति से रविशंकर साहू को अध्यक्ष बनाया गया। श्री साहू ने इसे विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में झब्बू देवांगन, रामसोन सर, कुलंजन साहू को बनाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनहरण वर्मा, शिवकुमार तिवारी, संजय वडंलकर, यशवंत साहू, महामंत्री भरोसी साहू, कार्यालय सचिव हरिराम साहू, उपसचिव विजय साहू, लिखेश सेन, शिवराम तोरवा, तुलाराम वर्मा, संगठन सचिव मानिक राम, दीपक शर्मा, श्याम कोरिया, डॉ. टीकम वर्मा, कोषाध्यक्ष पवन यदु, संतोष साहू, मीराबाई, सविता, रामेश्वरी ठाकुर बनाए गए।





# भाजपा कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया एआई और संगठन पर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में राजिम के यादव धर्मशाला में भाजपा का मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ जिसमें कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति- नीति, कार्यपद्धति, इतिहास, वैचारिक आधार तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया, एआई और नमो ऐप के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दिवस विधायक रोहित साहू सहित पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, नप अध्यक्ष महेश यादव, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने ध्वजारोहण कर भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय गीत एवं राजकीय गीत के साथ प्रशिक्षण का शुरूआत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि संगठन के ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और कार्यप्रणाली से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाते हुए पार्टी की कार्य पद्धति से जोड़ना है उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आव्हान किया।

- विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान

### डिजिटल दौर में एआई और नमो ऐप पर फोकस



भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने अतिथियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सभी से प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने की अपील कर कहा कि हम सभी कार्यकर्ता यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का काम करेंगे। इसके बाद प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में अलग-अलग विषयों पर वक्ताओं का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रथम सत्र में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। द्वितीय सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि पर प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस पंचम सत्र में राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बूथ प्रबंधन, आगामी कार्यक्रम बूथ स्तरीय, स्थानीय कार्यक्रम पर मार्गदर्शन दिया, छठा सत्र सागर मयानी ने सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप पर जानकारी दी, सप्तम सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर प्रकाश डाला। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी बूथ अध्यक्ष, नप राजिम के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया एवं मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा ने किया। आभार महामंत्री रेणुका साहू ने की।

## ध्रुव गोंड समाज की वार्षिक महासभा संपन्न

# संगठित समाज ही विकास की असली शक्ति : जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज बिन्द्रानवागढ़ राज का वार्शिक महासभा का आयोजन बुढ़ोदव मंदिर आमदी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव पहुंचे तो समाज के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ आदिवासी संस्कृति अनुसार ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान ईष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महासभा में समाज के विकास, एकता, बच्चों के शिक्षा एवं समाजिक गतिविधियो पर चर्चा किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की आदिवासी ध्रुव गोंड समाज क्षेत्र में काफी सजगता के साथ अपने अधिकारों के लिए कार्य कर रहा है, हमारे समाज काफी संगठित है, उर्जावान युवा लोग आज समाज के बागडोर संभाले हुए है, जिससे समाज में एक उत्साह देखने को मिल रहा है, उन्होने कहा की किसी भी समाज को आगे बढने के लिए शिक्षा पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है और संगठित रहने की जरूतर है।

### सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने का संकल्प

हम अगर संगठित है, तो हमें विकास से कोई नहीं रोक सकता। बिन्द्रानवागढ़ राज के अध्यक्ष लालसिंग मरई ने कहा आदिवासी ध्रुव समाज में उन्हे जो जिम्मेदारी दी है, उस जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी का उनके द्वारा निर्वहन किया जा रहा हर समाज के हित और विकास के लिए वे पहले भी कार्य करते थे और आगे भी करते रहेंगे उन्होने युवाओं को कहा की समाज के विकास के लिए आज के युवाओं को आगे आने की बात कही है। समाज के युवा समाज के रीति-रिवाज और सांस्कृति परम्परा को आगे बढाएंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ़ राज के अध्यक्ष लालसिंग मरई, संरक्षक अंजोर सिंह नेताम, भोलाराम मरकाम, उमेंदी कोमर्रा, अशोक ध्रुव, रामसिंग मरकाम, रेखा ध्रुव, रामजी नेताम, तेजराम नेताम, अशोक मरकाम, बलराम ध्रुव, बृजलाल ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, नोकेलाल ध्रुव, कोसिंग नेताम, सुकचंद ध्रुव, नैनसिंग नेताम, हरचंद ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, नंदकिशोर ध्रुव, खगेश्वर सिंह ध्रुव, अंजोर सिंह कुंजाम, छत्तर सिंह पटोती, परदेशी राम ध्रुव, भोलाराम, कंवलसिंह ध्रुव, बिशेलाल ध्रुव, पुनारद मरकाम, उत्तम ध्रुव, हरिशचंद, फड़िन्द्र ठाकुर, अवतार सिंह, मुन्ना ध्रुव, प्रभुलाल मरई, गणेश छेदईया, नारद मरकाम, मनीश ध्रुव, सुकचंद मरकाम, कोमल मंडावी, विष्णु नेताम, मोती नेताम, गंगाराम ध्रुव, पवनसिंह ध्रुव एवं आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुकचंद ध्रुव ने किया।



